आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 25 अगस्त को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 113वां एपिसोड होगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–टयूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

स्कूल सुरक्षा दिशानिर्देश 2021

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशा–निर्देश–2021 लागू करने के निर्देश दिए हैं। यह दिशा–निर्देश मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम पॉस्को के दिशा–निर्देशों के अनुरूप विकसित किए गए थे। इनमें सभी सरकारी, निजी स्कूलों और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने के प्रावधान हैं।

एफएसएसएआई–एफबीओ

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण– एफ.एस.एस.ए.आई ने सभी राज्यों से कीटनाशकों के उपयोग को कम करने और किसान के स्तर पर कीटनाशकों की निगरानी और विनियमन के लिए अंतर–मंत्रालयी समिति स्थापित करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृषि पद्धतियां सुरक्षित और टिकाऊ रहें। उन्होंने कहा कि यह उपभोक्ताओं को भोजन में कीटनाशक अवशेषों से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से भी बचाएगा। इसके अलावा एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य उत्पाद से जुडें संचालकों और ई–कॉमर्स प्लेएटफार्म संचालकों से दूध और दूध से बने उत्पादों की सभी पैकेजिंग से ए–वन और ए–टू के बारे में सभी दावे तत्का्ल हटाने के आदेश दिए हैं। प्राधिकरण का कहना है कि दूध में ए–वन और ए–टू का वर्गीकरण आवश्यक रूप से प्रोटीन के संबंध में होना चाहिए। वर्तमान में दूध वसा उत्पादों के संबंध में वर्गीकरण किया जा रहा है जो प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

तारादेवी मंदिर में हरी पत्तल

शिमला के ऐतिहासिक तारादेवी मंदिर में हरी पत्तल में श्रद्धालुओं को भण्डारा परोसे जाने की सफलता के बाद अब संकट मोचन मंदिर में भी भण्डारा पत्तल में ही परोसा जायेगा। एक सितम्बर से इसकी शुरुआत की जाएगी। उपायुक्त अनुपम कश्यप ये जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन की योजना जिला के सभी मंदिरों में पत्तल में भण्डारा परोसने की है और इसी के तहत प्रथम चरण में इसकी शुरुआत तारादेवी मंदिर में की गई थी। अब दूसरे चरण में संकट मोचन मंदिर में पत्तल में भण्डारा परोसा जायेगा । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सुन्नी खंड में कार्य कर रहे सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर को पत्तल बनाने का जिम्मा दिया गया है। फेडरेशन द्वारा तारादेवी मंदिर को हर सप्ताह 4000 पत्तल दिए जा रहे हैं जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ मिला है। इस क्लस्टर लेवल फेडरेशन में 2 हजार 9 सौ 42 महिलाएं पत्तल बनाने का काम करती है।

मौसम

आज राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश कई क्षेत्रों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से फिर वर्षा का सिलसिला शूरू होने की संभावना जताई है। बीते दिनों हुए भू–स्खलन से शिमला के एम. एल.ए क्रॉसिंग के पास बाधित हुए यातायात को देखते हुए भारतीय उच्च अध्यन संस्थान एडवांस स्टीडिज ने आज से बालूंगज स्थित मुख्य गेट को लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। इससे बालुगंज से चौड़ा मैदान की ओर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित होगी। आपातकालीन सेवाओं के वाहनों, पुलिस वाहन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति वाहनों के लिए यह सड़क खुली रहेगी जबकि निजी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी हैं।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–चंडीगढ़–कुल्लू– धर्मशाला को जोड़ने के लिए नए हवाई रूट का प्रस्ताव। दैनिक सेवरा टाइम्स की सुर्खी है–प्रदेश में बेहतर पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध करवा रही राज्य सरकार।

पंजाब केसरी का एक शीर्षक है– ई.डी. की टीम ने कांगड़ा व धर्मशाला के बैंकों में खाते व लॉकर खंगाले–आयुष्मान भारत कार्ड में गड़बडी मामला।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–बोर्ड व कॉर्पोशन में सशर्त डीए–एरियर को हरी झंडी–सरकार ने लिए दो बड़े फैसले।

अमर उजाला की सुर्खी है–बालूगंज थाने में पूर्व विधायक राणा, भुट्टो और केएल ठाकुर से नौ घंटे पूछताछ। दिव्य हिमाचल लिखता है–तीन पूर्व विधायकों से नौ घंटे तक पूछताछ।

आपका फैसला का शीर्षक है–हिमाचल में खदानों की ई–नीलामी करेगा एमएसटीसी।

दैनिक भास्कर का कहना है–25 फीसदी से कम रिजल्ट देने वाले शिक्षकों की इंक्रीमेंट रोकी।

पंजाब केसरी लिखता है–हिमाचल में 10 रुपए महंगा हुआ सीमेंट अभी 15 रुपए और बढ़ाने की तैयारी। दिव्य हिमाचल का कहना है–10 रुपए महंगा हुआ सीमेंट।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–मौसम की बेरूखी से प्रदेश में अब दो फीसदी कम बारिश, 25 अगस्त से फिर बरसेंगे बादल।